सत्यमेव जयते

# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## द्वादश सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-5

शुक्रवार, तिथि 02 फाल्गुन, 1935 (श०) / 21 फरवरी, 2014 (ई०)

**प्रश्नों की कुल संख्या 112**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) ऊर्जा विभाग | .. | .. | 55 |
| (2) स्वास्थ्य विभाग | .. | .. | 39 |
| (3) पर्यटन विभाग | .. | .. | 05 |
| (4) आपदा प्रबंधन विभाग | .. | .. | 06 |
| (5) विधि विभाग | .. | .. | 02 |
| (6) योजना एवं विकास विभाग | .. | .. | 05 |
| | | कुल योग — | 112 |

विद्युत आपूर्ति बहाल करना

*338. श्री रत्नेश सदा : क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सोनवर्षा प्रखंड के ग्राम पंचायत फलगपर के वार्ड नं० 6, 7, 8 में बिजली का पोल, तार नहीं है जिसके कारण उक्त पंचायत के लोग बिजली से वंचित हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थान में सिर्फ महादलित परिवार आवासित हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त पंचायत के उक्त वार्डों को विद्युतीकरण योजना में शामिल कर विद्युत आपूर्ति बहाल करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्बाध विद्युतापूर्ति कराना

*339. श्री अमरेन्द्र कुमार पांडेय : क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत पंचदेवरी एवं कुचायकोट प्रखंडों में 11,000 वोल्ट का विद्युत तार काफी पुराना एवं जर्जर अवस्था में है, जिससे विद्युत आपूर्ति अक्सर बाधित रहती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार पंचदेवरी एवं कुचायकोट प्रखण्डों में 11,000 वोल्ट के जर्जर तार को बदलकर निर्बाध विद्युतापूर्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

अति प्रा० स्वा० केन्द्र का निर्माण

*340. डॉ० अब्दुल गफूर : क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अन्तर्गत महिषी प्रखंड के भेलाही ग्राम की आबादी लगभग दस हजार (10,000) है, परन्तु यहाँ अति प्रा० स्वा० केन्द्र नहीं है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

विद्युत कनेक्शन देना

*341. श्री रामदेव महतो : क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि राजीव गाँधी विद्युतीकरण योजना के तहत मधुबनी जिला के पंडौल प्रखण्ड अन्तर्गत मोहनपुर मसारी ग्राम के ग्रामीण द्वारा विद्युतीकरण हेतु 2011 में आवेदन दिया गया था, परन्तु अबतक ग्रामीणों को आवेदन पत्र देने के बावजूद भी विद्युत कनेक्शन से वंचित रखा गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ग्रामीणों को विद्युत कनेक्शन नहीं दिया गया परन्तु विद्युत विपत्र 2011 से ही दिया जा रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जाँच कराकर उक्त गाँवों के आवेदकों को विद्युत कनेक्शन देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*342. श्री (प्रो0) चन्द्रशेखर स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र के दिनांक 9 जनवरी, 2014 के अंक में प्रकाशित शीर्षक "बिजली विभाग के मनमानी के खिलाफ आक्रोश" के आलोक में क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला में एक माह में ही एक उपभोक्ता मिहील के श्याम सुंदर मिश्र को नौ हजार रुपया का बिल दिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि एक उपभोक्ता फूलदास कन्या उच्च विद्यालय, बनगाँव के प्रभारी हेडमास्टर, सरिता कुमारी को बिना तार एवं पोल के ही बिना विद्युत आपूर्ति किये 21,000 रु0 का बिल दिया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गलत बिल को सुधारने एवं गलत बिजली बिल भेजने वाले कर्मचारियों एवं अधिकारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

अस्पताल बनाना

*343. श्री प्रेम रंजन पटेल क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि लक्खीसराय जिला अन्तर्गत सूर्यगढ़ा प्रखंड की आबादी 3 लाख से अधिक है;

(2) क्या यह बात सही है कि सूर्यगढ़ा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में लक्खीसराय जिला के सूर्यगढ़ा प्रखंड के सिंह बेगूसराय जिला के सामों तथा मुंगेर जिला के धरहरा प्रखंड के लोग इलाज कराने आते हैं;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में इलाज के लिये आनेवाले मरीजों के लिये उपयुक्त साधन तथा बेड उपलब्ध नहीं है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सूर्यगढ़ा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को रेफरल अस्पताल में परिणत कर 100 बेड का अस्पताल बनाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

जीर्णोद्धार कराना

*344. श्री शैलेश कुमार क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के खड़गपुर प्रखंड अन्तर्गत मुजफ्फरगंज में स्थित स्वास्थ्य केन्द्र जीर्ण शीर्ण अवस्था में है, जिसके कारण प्रतिनियुक्त डॉक्टर भी उपस्थित नहीं रहते हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र के जर्जर भवन का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण कराना

*345. श्री प्रेम रंजन पटेल क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि लक्खीसराय जिलान्तर्गत पीरी बाजार में विद्युत सब स्टेशन के निर्माण की स्वीकृति वर्ष 2006 में दिया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि सब स्टेशन का निर्माण कार्य अभीतक प्रारंभ नहीं हो सका है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पीरी बाजार स्थित स्वीकृत विद्युत सब स्टेशन के निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

### अनुकम्पा के आधार पर नौकरी देना

*346. श्री नीरज कुमार सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रेणुबाला महाराज, पिता श्री महेशचन्द्र जो जिला भागलपुर के प्रखंड सोनौला में एल०एच०डब्लू० के पद पर सेवारत थी, की मृत्यु सेवाकाल में कैंसर से दिनांक 1 अप्रील, 2006 को हो गई, यदि हाँ, तो इनके लम्बित वेतन, आश्रितों को पेंशन एवं पुत्र को अनुकम्पा के आधार पर अभीतक नौकरी नहीं देने का क्या औचित्य है ?

---------

### बिजली बिल वसूली का औचित्य

*347. श्री जनक सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के तरैया, इसुआपुर, पानापुर, मशरख, मढ़ौरा एवं अमनौर प्रखंडों के ग्रामीण इलाकों में राजीव गाँधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के तहत वर्ष 2010 में किये गये विद्युतीकरण के बाद दिसम्बर, 2011 से अप्रील, 2012 तक अवधि में ट्रांसफॉर्मर जल जाने एवं मई, 2012 से विद्युतापूर्ति पूर्णत: बंद होने के बाद भी उपभोक्ताओं से बिजली बिल की वसूली की जा रही है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---------

### विद्युत् कनेक्शन देना

*348. श्री जितेन्द्र कुमार राय--दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 23 जनवरी, 2014 के अंक में छपी खबर ''बिजली कनेक्शन से दस लाख बी०पी०एल० परिवार वंचित'' शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के सारण, सीवान, गोपालगंज, वैशाली सहित 24 जिलों के 20 हजार 819 गाँवों में रहने वाले 13 लाख 74 हजार 654 बी०पी०एल० परिवारों को विद्युत् कनेक्शन देने का काम पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया को वर्ष 2007-08 में ही दिया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि एजेंसी द्वारा कार्य में लापरवाही किये जाने के कारण उन जिलों के 4 लाख 54 हजार 965 बी०पी०एल० परिवारों को अभीतक बिजली का कनेक्शन नहीं मिला है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कार्य में लापरवाही करने वाली एजेंसी पर कार्रवाई करते हुये सभी बी०पी०एल० परिवारों को मुफ्त विद्युत् कनेक्शन देने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

### कार्रवाई करना

*349. श्री जनक सिंह--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत पानापुर प्रखंड के सतजोड़ा एवं महम्मदपुर में पंचायत भवन का निर्माण कार्य में संवेदक द्वारा प्राक्कलन के अनुसार निर्माण कार्य नहीं कराया जा रहा है एवं घटिया निर्माण सामग्रियों का उपयोग किया जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि संवेदक द्वारा अभियंताओं के अनुपस्थिति में निर्माण कार्य कराया जा रहा है तथा इस संबंध में कार्यपालक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल-2, सोनपुर, सारण ने संवेदक से स्पष्टीकरण पूछा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पंचायत भवनों के निर्माण कार्य की उच्च स्तरीय जाँच कराकर दोषियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

ट्रांसफॉर्मर बदलना

*350. श्री मंजीत कुमार सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के सिधवलिया के बखरौर पंचायत के ग्राम-गंगवा में 63 के०भी० का ट्रांसफॉर्मर जुलाई, 2013 से जला हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक जले ट्रांसफॉर्मर बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पदस्थापित करना

*351. श्री सुबोध राय--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत सुलतानगंज बाजार में अवस्थित एक मात्र महिला अस्पताल में कोई महिला डॉक्टर के स्थायी पदस्थापन के अभाव में न तो रोगग्रस्त महिलाओं का सही उपचार हो पाता है और न ही अस्पताल में चिकित्सा का समुचित प्रबंध है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल में महिला डॉक्टर की स्थायी पदस्थापन एवं चिकित्सा का समुचित प्रबंध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

राहत की व्यवस्था करना

*352. श्री विक्रम कुँवर--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत रघुनाथपुर प्रखंड के अग्निकांड से प्रभावित परिवारों की सूची विहित प्रपत्र में भरकर प्रतिवेदन के साथ अंचलाधिकारी, रघुनाथपुर के पत्रांक 83, दिनांक 21 मार्च, 2013 के द्वारा उप-विकास आयुक्त, सीवान को उपलब्ध कराया गया है, परन्तु अभीतक राहत की व्यवस्था नहीं की गई है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---------

चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति

*353. श्रीमती (डॉ०) उषा विद्यार्थी--स्थानीय हिन्दी समाचार-पत्र के दिनांक 23 अगस्त, 2013 के अंक में "खुद बीमार है जिले के स्वास्थ्य उप-केन्द्र" शीर्षक को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना के पालीगंज प्रखंड अन्तर्गत चंडोस ग्राम स्थित स्वास्थ्य उप-केन्द्र पर चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति न होने के कारण पिछले एक वर्ष से बंद है;

(2) क्या यह बात सही है कि पटना के नौबतपुर प्रखंड अन्तर्गत गोपालपुर ग्राम स्थित स्वास्थ्य उप-केन्द्र पर डॉक्टर की प्रतिनियुक्ति पिछले एक वर्ष से नहीं होने के कारण बंद पड़ा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (1) एवं (2) में वर्णित स्वास्थ्य उप-केन्द्रों में चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

स्वा० केन्द्र के भवन का निर्माण

*354. श्री जनार्दन माँझी–क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अन्तर्गत सिमरी बख्तियारपुर प्रखण्ड के सोनपुरा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र वर्ष 1984 की कोसी की विभीषिका में ध्वस्त हो गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि अभीतक प्राथमिक स्वस्थ्य केन्द्र, सोनपुरा का भवन निर्माण नहीं हो सका है जिस कारण जनता को काफी परेशानी होती है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का निर्माण कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

आवंटन करना

*355. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह–क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के जिला एवं अनुमंडल अस्पतालों में योग प्रशिक्षक को मानदेय पर नियुक्त किया गया था, किन्तु चालू वित्तीय वर्ष में वेतन मद में आवंटन कम होने के कारण उनका मई, 2013 से वेतन भुगतान नहीं हो पा रहा है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार सभी योग प्रशिक्षकों को ससमय वेतन भुगतान हेतु वेतन मद में पर्याप्त राशि का आवंटन करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्यान्वयन कराना

*356. श्री तारकिशोर प्रसाद–क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार स्थित सदर अस्पताल में तीन सौ (300) बेड की स्वीकृति दी जा चुकी है परन्तु अभी मात्र 110 बेड उपलब्ध है, यदि हाँ, तो उक्त कार्यान्वयन हेतु सरकार की क्या योजना है ?

---

निर्माण कार्य आरम्भ कराना

*357. श्री मनोहर प्रसाद सिंह–क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखण्ड अन्तर्गत अमदाबाद में बन रहे विद्युत सब स्टेशन का निर्माण कार्य दिसम्बर, 2013 से बंद है, यदि हाँ, तो क्या सरकार वहाँ का निर्माण कार्य आरम्भ करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, और नहीं, तो क्यों?

भुगतान कराना

*358. श्री अवनीश कुमार सिंह—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि स्वास्थ्य विभाग के पत्रांक 213/15, दिनांक 5 मार्च, 2013 द्वारा सिविल सर्जन, नालन्दा को नालन्दा जिला में कार्यरत औषधि निरीक्षकों के वेतन के भुगतान का आदेश दिया गया है, परन्तु आजतक सिविल सर्जन द्वारा वेतन का भुगतान नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार विभागीय आदेश की अवहेलना कर वेतन भुगतान नहीं करने वाले सिविल सर्जन पर कार्रवाई तथा औषधि निरीक्षकों के लंबित वेतन का भुगतान करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*359. श्री रामायण मांझी—क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के सिंहवारा प्रखण्ड अन्तर्गत वर्ष 2013 में मुख्य मंत्री क्षेत्र विकास योजना सं० एक 2/2012-13 से अतरवेल चौक के पास यात्री शेड का निर्माण कराया गया है परन्तु निर्मित शेड के दिवाल एवं बोर्ड पर अतरवेल चौक के बदले बिठौली चौक अंकित कर दिया गया है;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार निर्मित यात्री शेड के दिवाल एवं बोर्ड पर अतरवेल चौक अंकित नहीं करके बिठौली चौक अंकित करने वाले दोषी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुये बिठौली चौक के स्थान पर अतरवेल चौक अंकित कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

हाईटेंशन तार हटाना

*360. श्री भोला राय—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के फुलवारीशरीफ प्रखण्ड अन्तर्गत न्यू एतवारपुर मोहल्ले के बीचों बीच 15 फीट की ऊँचाई पर 33 हजार वोल्ट का हाईटेंशन तार गुजरा है जिसके नीचे लटक जाने के कारण कई मवेशी एवं आदमी उसकी चपेट में आ गये हैं, यदि हाँ, तो उक्त समस्या का निराकरण हेतु सरकार की क्या योजना है ?

---

विद्युतीकृत करना

*361. श्री भोला राय—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के कदवा प्रखण्ड अन्तर्गत जाजा पंचायत की कुल आबादी में 30 प्रतिशत महादलित, 10 प्रतिशत आदिवासी, 40 प्रतिशत अत्यंत पिछड़ी जातियों की है;

(2) क्या यह बात सही है कि राजीव गाँधी विद्युतीकरण योजनान्तर्गत एक भी गाँव/वार्ड अबतक विद्युतीकृत नहीं किया गया है;

(3) क्या यह बात सही है कि जाजा पंचायत अन्तर्गत महादलित/अत्यन्त पिछड़ी जाति बाहुल्य बोहिता गाँव विद्युतीकृत सिकोरना पड़ोसी गाँव से 2 कि०मी० की दूरी पर अवस्थित है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बोहिता गाँव (जाजा) को विद्युतीकृत करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विद्युत् तार-पोल बदलना

*362. श्रीमती गुड्डी देवी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रुन्नीसैदपुर प्रखंड के रुन्नीसैदपुर से भनसपट्टी होते हुये कटोझा तक विद्युत् तार जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान के जर्जर तार बदलने एवं तार को ऊँचा कराने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन निर्माण कराना

*363. श्रीमती मुन्नी देवी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा भोजपुर जिलान्तर्गत शाहपुर प्रखंड के नवसृजित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बरीसवन एवं उप-स्वास्थ्य केन्द्र भीमपट्टी के भवन निर्माण के लिये प्रशासनिक स्वीकृति वित्तीय वर्ष 2009-10 में दिया गया है, जिसका प्रशासनिक स्वीकृति प्रसंग पी०आई०पी० 2009-10 है इसके बावजूद आजतक भवन का निर्माण नहीं कराया गया है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---------

विकसित करना

*364. श्रीमती मुन्नी देवी--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार प्राचीन अति महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिये संकल्पित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत शाहपुर प्रखंड के बिलौटी ग्राम के पास कुंडवा शिव मंदिर अति प्राचीन मंदिर है और प्रत्येक वर्ष यहाँ मेले का आयोजन होता है एवं दूर दराज से भक्त मन्नतें माँगने के लिये यहाँ आते हैं और इस मन्दिर की चर्चा पुराण ग्रंथ में भी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कुंडवा शिव मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

राशि विमुक्त करना

*365. श्री राम सेवक सिंह--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज के हथुआ विधान-सभा क्षेत्र के प्रखण्ड उचका गाँव के ग्राम वलेसरा में अवस्थित बाबा भुतनाथ आश्रम वड्वाँ मठ को सरकार ने पर्यटन स्थल घोषित कर उसके विकास के लिये 1,42,00,000 (एक करोड़ बियालीस लाख) रुपये का प्राक्कलन तैयार करा दिया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विभाग ने 2011 में 29,64,000 रुपये उपलब्ध करा दिये जिससे राशि के अनुरूप कार्य भी पूर्ण करा लिया गया है परन्तु अवशेष राशि नहीं मिलने के कारण आगे का निर्माण कार्य बन्द है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त पर्यटन स्थल के विकास हेतु अवशेष राशि को विमुक्त करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

ट्रांसफॉर्मर बदलना

*366. श्री अरूण शंकर प्रसाद--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बासोपट्टी प्रखण्ड के महथौर, गौसनगर, जयनगर प्रखण्ड के सुरियाही टोला बैरा, इनरवा एवं खजौली प्रखण्ड के वार्ड के 11, 12, 14 दतुआर गाँवों में 25 के०वी०ए० का विद्युत ट्रांसफॉर्मर तीन वर्षों से जला पड़ा हुआ है जिस कारण लोगों को परेशानी तथा छात्रों का पठन-पाठन बाधित हो रहा है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त गाँव में जले 25 के०वी०ए० का ट्रांसफॉर्मर के बदले 63 के०वी०ए० का विद्युत ट्रांसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

शिलापट्ट लगाना

*367. श्री अरूण माझी--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत मसौढ़ी (सु०) विधान-सभा क्षेत्र का मुख्य मंत्री क्षेत्र विकास योजना, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमण्डल-2, दानापुर से योजना कराई जा रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विधान-सभा में मुख्य मंत्री क्षेत्र विकास योजना वित्तीय वर्ष 2011-12 एवं 2012-13 में कराये गये कार्य का शिलापट्ट नहीं लगाया गया है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---------

कार्रवाई कर पूरा कराना

*368. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत अस्थावां विधान-सभा क्षेत्रान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2011-12 एवं 2012-13 में मुख्य मंत्री क्षेत्रीय विकास योजनान्तर्गत कुल 62 योजनाओं का कार्य कराने की अनुशंसा प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा किया गया है जो वित्तीय वर्ष 2012-13, 2013-14 में पूरा किया जाना था जो आजतक अधूरा पड़ा हुआ है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है तथा सरकार इसमें लापरवाही बरतने वाले सम्बन्धित संवेदकों पर कार्रवाई करते हुये इसे कबतक पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

ट्रांसफॉर्मर लगाना

*369. श्री राम बालक सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के विभूतिपुर प्रखंड के सुरौली ग्राम दामोदरपुर में 100 के०भी०ए० का ट्रांसफॉर्मर ज्यादा लोड होने के कारण प्रायः जल जाता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर अधिक क्षमता के ट्रांसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विद्युत् कार्य कराना

*370. श्री वीरेन्द्र सिंह—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के वजीरगंज प्रखण्ड अन्तर्गत बेला बिगहा, बसार बिगहा, काजी बिगहा, बरी बिगहा खजरी गाँव जिसमें महादलित समुदाय के लोग अधिक रहते हैं, जो अभीतक विद्युतीकरण से वंचित हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार इन गाँवों में एक निश्चित समय सीमा के अन्दर विद्युत् कार्य करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्य नहीं कराने का औचित्य

*371. श्री (प्रो०) चन्द्रशेखर—स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 11 जनवरी, 2014 के अंक में प्रकाशित शीर्षक ''कुशहा त्रासदी पीड़ितों के बने मात्र 13726 मकान'' के आलोक में क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा, सुपौल एवं मधेपुरा जिले में दो चरण मिलाकर 66 हजार 203 मकान बनाने के लक्ष्य के विरुद्ध दिसम्बर, 2013 तक मात्र 13 हजार 726 मकान ही बना है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

मुआवजा देना

*372. श्री नरेन्द्र कुमार सिंह—क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला अन्तर्गत मटिहानी प्रखण्ड के सिंहया पंचायत के 100 परिवारों को कृषि योग्य 10,000 एकड़ जमीन गंगा में भीषण कटाव के कारण विलीन हो गई एवं किसानों के सामने भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गयी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार प्रभावित किसानों को मुआवजा देने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

जर्जर तार एवं पोल बदलना

*373. श्री बृज किशोर बिन्द—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला के भगवानपुर प्रखण्ड अन्तर्गत भगवानपुर गाँव में तार, पोल जर्जर स्थिति में रहने के कारण दो लोगों की मृत्यु हो गयी;

(2) क्या यह बात सही है कि ग्रामीणों द्वारा उक्त खराबी की सूचना लिखित रूप से जुलाई, 2013 में दी थी, परन्तु अभीतक कार्रवाई नहीं हुई है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार भगवानपुर गाँव में जर्जर पोल, तार को बदल कर बिजली आपूर्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्युतीकरण कराना

*374. श्रीमती गुड्डी देवी—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर प्रखण्ड के प्रेमनगर पंचायत के बहोरी टोला में आजादी के बाद आजतक विद्युतीकरण नहीं हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त टोला के (i) राम निरंजन ठाकुर, पिता-स्व० भोला ठाकुर, (ii) सुरेन्द्र ठाकुर, पिता-स्व० ईश्वर ठाकुर (iii) राम बाबु ठाकुर, पिता-स्व० चनर ठाकुर (iv) श्रीकान्त ठाकुर, पिता-रामजुल्म ठाकुर सहित 20 व्यक्तियों ने 15 वर्ष पूर्व राशि जमा कर उपभोक्ता बने लेकिन आजतक उक्त टोला को विद्युतीकरण नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---

दोषियों पर कार्रवाई

*375. डॉ० अच्युतानन्द—दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 20 जनवरी, 2014 के अंक में छपी खबर ''बिजली बोर्ड के 375 करोड़ रुपये लापता'' शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2011-12 में बिहार बिजली बोर्ड यानी पावर होल्डिंग कम्पनी के द्वारा राज्य के विद्युत् उपभोक्ताओं से फ्यूल सरचार्ज के रूप में 375 करोड़, 66 लाख, 15 हजार, 696 रुपये की वसूली की गयी थी;

(2) क्या यह बात सही है कि बिजली कम्पनी के पास उपरोक्त राशि का कोई लेखा-जोखा नहीं है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बिजली कम्पनी द्वारा वसूली गयी उपरोक्त राशि के उपयोग एवं लेखा-जोखा में गड़बड़ी की उच्चस्तरीय जाँच कराकर दोषियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*376. डॉ० उमाकांत यादव—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बाबूबरही प्रखण्ड के ग्राम रामपुर में 6 (छः) बेड के अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र है, जिसका अपना भवन नहीं रहने के कारण एक सामुदायिक भवन में रोगियों का इलाज किया जा रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का भवन कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

ट्रांसफॉर्मर बदलना

*377. डॉ० अच्युतानन्द—दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 9 जनवरी, 2014 के अंक में छपी खबर ''नौ हजार जले ट्रांसफॉर्मरों में बदले महज नौ सौ'' शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य में राजीव गाँधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के अधीन लगाये 9 हजार ट्रांसफॉर्मर 2 वर्ष से ऊपर से जले हैं परन्तु मात्र 900 ट्रांसफॉर्मर ही बदले गये हैं, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

चालू कराना

* 378. श्री प्रदीप कुमार---क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि---

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत नवादा से गोविन्दपुर विद्युत उप-केन्द्र तक (70) सत्तर पोल में 33000 वोल्ट का तार चोरों द्वारा काट लिया गया है जिससे गोविन्दपुर प्रखंड की विद्युत आपूर्ति बाधित है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार नवादा से गोविन्दपुर विद्युत उप-केन्द्र तक 33000 वोल्ट का तार जोड़वाकर विद्युत आपूर्ति चालू करवाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

मुआवज़ा दिलाना

* 379. डॉ0 अब्दुल गफूर---क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अन्तर्गत ग्राम-मैलाही अंचल नहिषी के मु0 मंसूर आलम पिता मो0 मकबूल का बाढ़ के पानी में दिनांक 20 अगस्त, 2011 को डूबने के कारण मृत्यु हो गई परन्तु अबतक परिजन को मुआवजा नहीं दिया गया है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---

निर्माण कराना

* 380. श्रीमती (प्रो0) उषा सिन्हा---क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि---

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के परवलपुर प्रखंड के पीलीछ गाँव में मंशा माई मन्दिर प्रसिद्ध धार्मिक पर्यटक स्थल है, जहाँ प्रत्येक वर्ष राज्य और राज्य के बाहर से एक से दो लाख पर्यटक पहुँचते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थल पर अगहन पंचमी को बहुत बड़ा मेला लगता है लेकिन सौन्दर्यीकरण एवं आधारभूत संरचनाओं का निर्माण नहीं होने से पर्यटकों को असुविधा होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त धार्मिक स्थल को पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित करने हेतु आधारभूत संरचनाओं का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

* 381. श्री पवन कुमार जायसवाल---दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 20 जनवरी, 2014 को प्रकाशित शीर्षक "बिजली बोर्ड के 375 करोड़ रुपया लापता" के आलोक में क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि---

(1) क्या यह बात सही है कि पावर होल्डिंग कम्पनी ने वर्ष 2011-12 में अपने उपभोक्ताओं पर 3,75,66,15,696 रुपया का फ्यूल सरचार्ज किया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि कम्पनी के पास राजस्व वसूली में फ्यूल सरचार्ज के रूप में कितनी राशि आई इसका कोई रिकार्ड उपलब्ध नहीं है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार संबंधित दोषी पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति

* 382. डॉ० दाउद अली––क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत रेगुलर चिकित्सक, संविदा चिकित्सक एवं आयुष चिकित्सक का कुल कार्य बल संख्या 194 है जिसमें कार्यरत बल संख्या 82 है यदि हाँ, तो शेष चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति हेतु सरकार की क्या योजना है ?

---

भवन का निर्माण कराना

* 383. श्री तार किशोर प्रसाद––क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अन्तर्गत अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, हफलागंज (कटिहार प्रखंड) के भवन निर्माण हेतु राजस्व विभाग को जमीन वर्ष 2013 में स्थानांतरित कर दी गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अभीतक उक्त जमीन पर भवन निर्माण का कार्य प्रारंभ नही हुआ है जिससे रोगियों को कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त आवंटित जमीन पर स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सुपर पॉवर ग्रिड का निर्माण

* 384. श्री गोपालजी ठाकुर––क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बेनीपुर अनुमंडल मुख्यालय में सुपर पावर ग्रिड की स्थापना की स्वीकृति अप्रैल, 2013 में ही दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सुपर पावर ग्रिड हेतु जमीन उपलब्ध रहने के बावजूद अभीतक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक सुपर पावर ग्रिड का निर्माण कार्य प्रारंभ करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भुगतान कराना

* 385. श्रीमती (प्रो०) उषा सिन्हा––क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिले के थरथरी प्रखंड के बेरमा गाँव के दक्षिणी टोला में 11 अप्रील, 2013 को अगलगी की घटना में रामशरण पंडित, पिता एतवारी पंडित, गुड्डू मिस्त्री, पिता रामवृक्ष मिस्त्री तथा देवकी मिस्त्री, शंकर मिस्त्री, पाली मिस्त्री, पिता गनौरी मिस्त्री के घर के बाहर बंधी दो भैंस, घर एवं घर में रखा अनाज एवं चीज जलकर राख हो गया है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार पीड़ित परिवारों को मुआवजा राशि का भुगतान करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

स्वास्थ्य उप–केन्द्र खोलना

* 386. श्री छेदी पासवान––क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत प्रखण्ड मोहनिया के पंचायत डडवास तथा प्रखण्ड कुदरा के पंचायत बहेरा मे स्वास्थ्य उप–केन्द्र नही है, यदि हाँ तो क्या सरकार उक्त दोनों पंचायतों में मरीजो के इलाज हेतु स्वास्थ्य उप–केन्द्र खोलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नही, तो क्यों ?

----------

एक्स–रे मशीन ठीक कराना

* 387. श्रीमती आशा देवी (186)––क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल मे एक्स–रे मशीन पिछले छः माह से खराब है, यदि हाँ, तो क्या सरकार एक्स–रे मशीन को ठीक कराने का विचार रखती है, नही, तो क्यों ?

----------

विकसित करना

* 388. श्री रत्नेश सादा––क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत कहरा प्रखंड के बलहा पंचायत में द्वापर युग का बामेश्वर मंदिर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मंदिर मे पूजा अर्चना हेतु नेपाल, भूटान से पर्यटक लोग आते हैं ;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त मंदिर का सौदर्यीकरण करते हुए पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

निर्माण कार्य पूरा कराना

* 389. श्री विनय कुमार सिंह––क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत सोनपुर प्रखंड के गोविन्दचक पंचायत के ग्राम रहिमपुर का स्वास्थ्य उप–केन्द्र भवन की स्वीकृति वर्ष 2008 में निर्माण हेतु दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त भवन का निर्माण पूर्ण राशि आवंटित नहीं होने के कारण विगत 5 वर्षों से लंबित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राशि आवंटित कर भवन निर्माण कार्य पूरा करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

तार बदलना

* 390. श्री शिवजी राय––क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिले के मधुबन विधान–सभा क्षेत्र अन्तर्गत मधुबन से फेनहारा तक बिजली का जर्जर तार रहने के कारण आमजनों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता द्वारा इस सदर्भ में पत्र के माध्यम से विगत मई, 2013 में कार्यपालक अभियंता एवं अधीक्षण अभियंता के यहाँ आपत्ति दर्ज कराने के बावजूद भी अबतक कार्रवाई नही की गई है ;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में उक्त स्थान के जर्जर तार बदलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युतीकरण करना

* 391. श्री रामानंद राम––क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2005 से राज्य में राजीव गाँधी ग्रामीण विद्युतीकरण के तहत ग्रामीण क्षेत्रो मे विद्युतीकरण का कार्य चल रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के डंडारी प्रखंड अन्तर्गत उत्तरी कटरमाला पंचायत के वार्ड नं0 1, 2, 4, 6 में अबतक विद्युतीकरण नही कराया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार खंड (2) में वर्णित पंचायत के वार्डों मे कबतक विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

चिकित्सालय की स्थापना

* 392. श्री निरज कुमार सिंह––क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत किसी भी प्रखण्ड मे यूनानी एवं होमियोपैथिक चिकित्सालय नही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार जनहित में ग्रामीणो को देशी चिकित्सा का लाभ दिलाने हेतु यूनानी एवं होमियोपैथिक चिकित्सालय की स्थापना कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नही, तो क्यों ?

---

मुआवजा देना

* 393. श्री जितेन्द्र कुमार राय––क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला अंतर्गत तरैया थाना के डेवढ़ी ग्राम में दिनांक 05 दिसम्बर, 2013 को विद्युत विभाग के कर्मचारियों एवं पदाधिकारियों की लापरवाही से पूणा कुमारी पिता श्री सुरेश प्रसाद यादव की मृत्यु बिजली के तार से करेंट लगने के कारण हो गयी जिसके लिए तरैया थाना में काण्ड संख्या 182, दिनांक 05 दिसम्बर, 2013 दर्ज है,

(2) क्या यह बात सही है कि अभीतक न तो मृत लड़की के परिजनों को मुआवजा राशि दिया गया है और नही दोषियों पर कोई कार्रवाई की गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त काण्ड के दोषियों पर कार्रवाई करते हुए मृत लड़की के परिजनों को सरकारी मुआवजा और एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी देने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विद्युत आपूर्ति कराना

*394. श्री राम बालक सिंह––क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के विभूतिपुर प्रखंड के प्रखंड मुख्यालय में स्थित नरहन विद्युत सब–स्टेशन से 10 पंचायतों में विद्युत आपूर्ति न कर अन्य विद्युत सब–स्टेशन से आपूर्ति की जाती है, जिससे उक्त पंचायतों में प्रायः विद्युत आपूर्ति बाधित रहती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पंचायतों में नरहन विद्युत सब–स्टेशन से विद्युत आपूर्ति करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

ऊर्जान्वित करना

*395. श्री मनोहर प्रसाद सिंह––क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखण्ड अन्तर्गत मनिहारी नगर पंचायत के बाजार चौक से नगर पंचायत तक बिजली के 11,000 वोल्ट तार के बदले 440 वोल्ट का तार ट्रांसफॉर्मर में लगाकर विद्युत ऊर्जान्वित किया गया है जिससे वोल्ट की समस्या बनी रहती है तथा विद्युत आपूर्ति बाधित रहती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर 11,000 वोल्ट का तार ट्रांसफॉर्मर में लगाकर विद्युत ऊर्जान्वित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

ट्रांसफॉर्मर लगाना

*396. श्री विभापचन्द चौधरी––क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बरारी प्रखण्ड के दुर्गापुर पंचायत के कुशवाहा टोला का 63 के0वी0ए0 का ट्रांसफॉर्मर 2 नवम्बर, 2013 को जल गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर नया ट्रांसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

मुआवजा देना

*397. श्री नरेन्द्र कुमार सिंह––क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला अन्तर्गत मटिहानी प्रखण्ड के रामदीरी II एवं III पंचायत के 500 परिवारों की कृषि योग्य भूमि गंगा में भीषण कटाव के कारण 15000 एकड़ जमीन गंगा नदी में विलीन हो गई है, जिससे किसानों के सामने भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गयी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार प्रभावित किसानों को मुआवजा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

नलकूप का विद्युतीकरण

*398. श्री अम्बिका सिंह––क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत प्रखण्ड दुर्गावती रामगढ़ एवं नुआंव में नाबार्ड फेज II का नलकूप

चालू कराने के लिये तार, पोल ट्रांसफॉर्मर लगाने हेतु वित्तीय वर्ष 2011–12 मे विभाग द्वारा एकरारनामा किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि तीनों प्रखण्ड मिलाकर 58 नलकूप मे से 35 से 40 नलकूप का विद्युतीकरण नही होने से सिंचाई का कार्य बाधित हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नलकूप को विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नही, तो क्यों ?

---------

अधूरे भवन का निर्माण

*399. श्रीमती ज्योति देवी––क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत प्रखण्ड बाराचट्टी के सरमा बाजार मे वर्ष 2006 मे अतिरिक्त स्वास्थ्य उप–केन्द्र भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि भवन का निर्माण कार्य अधूरा पडा है और भवन निर्माण की पूरी राशि की निकासी कर ली गयी है तथा संवेदक हिमांशु शेखर का दो माह पूर्व निधन भी हो चुका है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य उप–केन्द्र के अधूरे भवन को पूरा कर चालू करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नही, तो क्यों ?

---------

जर्जर तार बदलना

*400. श्रीमती मनोरमा प्रसाद––क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण जिलान्तर्गत बैरिया प्रखंड के मलाही बलुआ पंचायत के वार्ड नं0 14, 15 एवं 16 में बिजली का तार 1982 मे लगाया गया था, जो कि जर्जर अवस्था मे है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त वार्ड नं0 के बिजली के जर्जर तार को बदलने का विचार रखती है, नही, तो क्यों ?

---------

ट्रांसफॉर्मर लगाना

*401. श्री राम सेवक सिंह––क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज के हथुआ विधान–सभा क्षेत्र के अन्तर्गत अवस्थित विद्युत सब–स्टेशन मीरगंज से सरकार को लगभग 10,000,000 रुपया प्रति माह राजस्व की प्राप्ति होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विद्युत सब–स्टेशन मीरगंज मे 5 एम0भी0ए0 तथा 3 एम0भी0ए0 का ट्रांसफॉर्मर लगा हुआ है जिससे उपभोक्ताओं को आवश्यकता अनुसार विद्युत उपलब्ध नही हो पाता है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त विद्युत सब–स्टेशन मे 10 एम0भी0ए0 का तीन ट्रांसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, नही, तो क्यों ?

बिजली पहुँचाना

*402. श्री संजय सिंह (टाईगर)—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला को राजीव गाँधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के तहत पूर्ण विद्युतीकरण हेतु केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2012 में ही राज्य सरकार को राशि उपलब्ध करायी जा चुकी है;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार की शिथिलता एवं निविदा प्रक्रिया में किये गये विलम्ब के कारण पूर्ण विद्युतीकरण का काम शुरू नहीं हो सका है, फलत: सैकड़ों गाँव अंधेरे में डूबे हुये हैं;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार भोजपुर जिले के सभी गाँवों में राजीव गाँधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के तहत बिजली पहुँचाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युत् विपत्र निरस्त करना

*403. श्री मंजीत कुमार सिंह—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि राजीव गाँधी विद्युतीकरण योजना के तहत बिहार में लगे 30 हजार 16/25 के०वी० ट्रांसफॉर्मर विगत 3 वर्षों से जल चुका है;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार के सभी जिले में जले 30 हजार 16/25 के०वी० के ट्रांसफार्मर से विद्युत् आपूर्ति गाँव में ठप है;

(3) क्या यह बात सही है कि विद्युत् विभाग द्वारा जले स्थानों पर ट्रांसफॉर्मर गाँवों में विद्युत् उपभोक्ताओं से विद्युत् विपत्र वसूल की जा रही है;

(4) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार 16/15 के०वी० के जले ट्रांसफॉर्मर को बदलने एवं विद्युत् विपत्र निरस्त करने का विचार रखती है ?

---

अति०प्रा०स्वा० केन्द्र का निर्माण

*404. श्री विनोद प्रसाद यादव—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत शेरघाटी प्रखण्ड के कचौड़ी पंचायत की आबादी लगभग 20 हजार एवं चिलीम, पत्थरकट्टी, जलसार, हनानगंज, गाँवखॉप, श्रीचक इत्यादि गाँवों की आबादी मिलाकर 30 हजार से ज्यादा है परन्तु प्रावधान के बावजूद इन जगहों में अ०प्रा०स्वा० केन्द्र नहीं है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---

मानदेय में बढ़ोतरी

*405. श्री जय कुमार सिंह—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने में ए०एन०एम० की भूमिका प्रमुख रही है;

(2) क्या यह बात सही है कि विगत सात वर्षों से संविदा आधारित ए०एन०एम० के मानदेय में कोई बढ़ोतरी नहीं की गयी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार संविदा आधारित ए०एन०एम० के मानदेय में बढ़ोतरी करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विद्युतीकरण कराना

*406. श्री अम्बिका सिंह—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत नुआँव प्रखण्ड के कोटा तपोवन, गौरा शेराजपुर, लखतपुरा, बसवरिया, रघुनाथपुर, हरिहरपुर आदि गाँवों में अभीतक विद्युतीकरण नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँवों में विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

चिकित्सक की पदस्थापना

*407. श्री अरुण कुमार सिन्हा—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शेखपुरा जिलान्तर्गत शेखपुरा सदर अस्पताल के अन्तर्गत दिनांक 11 जून, 2009 को ब्लड बैंक खोला गया है, जहाँ पैथोलॉजिस्ट चिकित्सक का एक पद सृजित है, यदि हाँ, तो उक्त पद पर अभीतक पदस्थापन नहीं किये जाने का क्या औचित्य है ?

---

सदर अस्पताल बनाना

*408. श्री संजय सरावगी—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य स्वास्थ्य समिति ने वित्तीय वर्ष 2007-08 में दरभंगा में 100 बेड का सदर अस्पताल बनाने का निर्णय लिया था;

(2) क्या यह बात सही है कि स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त सचिव ने अपने पत्रांक 278, दिनांक 22 मई, 2013 के द्वारा प्रबंध निदेशक, बिहार मेडिकल सर्विसेज एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर कारपोरेशन, पटना को दरभंगा सदर अस्पताल के भवन बनाने कि प्रशासनिक स्वीकृति के लिये प्राक्कलन समर्पित करने को कहा था जिसे आर्चलाईन प्रा०लि०, नई दिल्ली को प्राक्कलन बनाकर दिनांक 22 अगस्त, 2013 को विभाग को सौंप दिया;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दरभंगा में सदर अस्पताल बनाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*409. श्री सबा जफर—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला के अमौर प्रखण्ड अन्तर्गत मछट्ठा पंचायत के मछट्ठा हॉट स्थित उत्क्रमित स्वास्थ्य केन्द्र में भवन निर्माण कार्य वर्ष 2013 से चल रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कार्य संवेदक द्वारा सरकारी माप-दण्ड के विरुद्ध घटिया सामग्री से कराया जा रहा है जिससे भवन के गिर जाने का खतरा है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मानक प्राक्कलनानुसार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कार्य कराने एवं संवेदक द्वारा घटिया कार्य किये जाने की जाँच कराकर उनके विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन की मरम्मती

*410. श्रीमती सुनीता सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत परसौनी प्रखंड के देमा प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केन्द्र भवन जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का अविलम्ब मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मर लगाना

*411. श्री रामदेव महतो--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत पंडौल प्रखंड के नलकूप (1) पर लगे 63 के०वी०ए० का ट्रांसफॉर्मर से विगत 25 वर्षों से नलकूप एवं पंडौल डीहटोल ग्रामीणों को विद्युत् आपूर्ति की जाती है जिससे बराबर लो भोल्टेज रहने के कारण विद्युत आपूर्ति सुचारू ढंग से नहीं हो पाती है;

(2) क्या यह बात सही है कि ग्रामीणों द्वारा वर्ष 2005 से अबतक अनेकों बार सम्बन्धित, अवर प्रमंडल सकरी, दरभंगा एवं अन्य पदाधिकारियों को उक्त ट्रांसफॉर्मर के अतिरिक्त एक और 63 के०वी०ए० का ट्रांसफॉर्मर लगाने का अनुरोध किया गया है परन्तु अबतक ट्रांसफॉर्मर नहीं लगाया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर एक अतिरिक्त 63 के०वी०ए० का ट्रांसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

ट्रांसफॉर्मर लगाना

*412. श्री विभापचन्द्र चौधरी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बरारी प्रखंड के दुगापुर पंचायत के पासवान टोला का ट्रांसफॉर्मर 6 दिसम्बर, 2013 एवं अंसारी टोला का ट्रांसफॉर्मर नवम्बर, 2013 तथा मरखाहा मुसहरी स्कूल के पास का ट्रांसफॉर्मर फरवरी, 2013 में चोरी हो गयी है, जिसकी शिकायत ग्रामीणों द्वारा ट्रांसफॉर्मर चोरी होने की तिथि उपरांत की गयी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर उक्त स्थानों पर नया ट्रांसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

व्यवहार न्यायालय की स्थापना

*413. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिले के अरेराज अनुमंडल की स्थापना हुए लगभग 10 वर्ष हो गये लेकिन अभीतक वहाँ अनुमंडल स्तरीय व्यवहार न्यायालय नहीं होने से वहाँ के आम जनता को काफी कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार अरेराज अनुमंडल में व्यवहार न्यायालय की स्थापना शीघ्र करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मर लगाना

*414. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नबीनगर नगर पंचायत में शनिचर बाजार, मंगल बाजार तथा भवानीखाप में 200 के०वी०ए० का ट्रांसफॉर्मर लगा हुआ है, परन्तु इनके द्वारा बड़े इलाकों में विद्युत् आपूर्ति के कारण लो भोल्टेज बना रहता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार परसिया, जकनपुर, महीप बिगहा तथा बसन बिगहा में 100-100 के०वी०ए० का अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---------

स्थापना करना

*415. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत पंचदेवरी प्रखंड के ग्राम पंचायत महुअवाँ में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य उप-केन्द्र आजतक स्थापित नहीं होने से ग्रामीणों को 8-9 किलो मीटर दूरी तय कर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, पंचदेवरी में इलाज कराने हेतु जाना पड़ता है; यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त ग्राम में शीघ्र अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य उप-केन्द्र की स्थापना कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

विपत्र सुधार करना

*416. श्री जवाहर प्रसाद--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के सासाराम नगर में बिजली विभाग, सासाराम सर्किल द्वारा बिजली उपभोक्ताओं को बढ़ा हुआ बिजली बिल भेजा जा रहा है, यदि हाँ, तो बिना विपत्र सुधार किये उपभोक्ताओं का कनेक्शन विच्छेद करने का क्या औचित्य है ?

---------

अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मर लगाना

*417. श्री दिनेश प्रसाद--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मीनापुर प्रखंड के बनधारा में स्थित पावर सब-स्टेशन में 5 एम०बी०ए० का पावर ट्रांसफॉर्मर स्थापित है परन्तु किसानों को सिंचाई हेतु निर्बाध रूप से 8 घंटे विद्युत् आपूर्ति संभव नहीं हो पा रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार पावर सब-स्टेशन, बनधारा में 5 एम०बी०ए० का अतिरिक्त पावर ट्रांसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विद्युत् कनेक्शन देना

*418. डॉ० सुरेन्द्र प्रसाद यादव—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिलान्तर्गत मखदुमपुर प्रखण्ड के अन्तर्गत टेहटा बाजार में पी०आई०पी० गली है, जो संकीर्ण है जिसमें 100 के०भी०ए० का ट्रांसफॉर्मर लगा हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थान के ट्रांसफॉर्मर को केबुल तार से विद्युत् कनेक्शन देने हेतु केबुल तार का प्राक्कलन स्वीकृत कर जहानाबाद के कार्यपालक अभियंता ने अपने कार्यालय के पत्रांक संख्या 1296, दिनांक 23 नवम्बर, 2013 को विभाग को भेजा है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर स्थित ट्रांसफॉर्मर को केबुल तार से विद्युत् कनेक्शन देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

आपातकालीन सेवा चालू कराना

*419. श्री राजेश्वर राज—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत अनुमंडलीय अस्पताल, विक्रमगंज का एम्बुलेंस विगत 10 माह से खराब होने से मरीजों को आपातकालीन सेवा बाधित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त एम्बुलेंस की खराबी को दूर कराकर आपातकालीन सेवा को सुचारू रूप से चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पदस्थापित करना

*420. श्री विनोद कुमार सिंह—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के आजमनगर प्रखंड अन्तर्गत धोरदह स्वास्थ्य उप-केन्द्र का निर्माण वर्ष 2010 में किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र में अभीतक एक भी नर्स अथवा चिकित्सक का पदस्थापन नहीं किया गया है, जिस कारण स्वास्थ्य उप-केन्द्र बंद पड़ा हुआ है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र में नर्स तथा चिकित्सक का पदस्थापन करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

ट्रांसफॉर्मर बदलना

*421. श्री गोपालजी ठाकुर—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बेनीपुर प्रखण्ड का बलहा, देवराम, नवादा, रामपुर ग्राम, बहेड़ी प्रखण्ड के दूनाई, मुरली महादलित टोला, हावीडीह, दक्षिणी पंचायत के रजवारा, नारायण दोहत, मधुबन, रघुनाथ मंडल के गाछी के नजदीक स्थित एवं बिरौल प्रखण्ड के अरगा पश्चिमी टोला स्थित उसरी अगरेडीह ग्राम में विगत दो वर्ष पूर्व ट्रांसफॉर्मर जलने से उक्त ग्रामों के ग्रामीणों को बिजली की सुविध ा से वंचित है, यदि हाँ, तो इसे बदलने हेतु सरकार की क्या योजना है ?

---

उत्क्रमित करना

*422. श्री महेश पासवान—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के फुलका प्रखंड के पोठिया में पोठिया अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र अवस्थित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र को 10 बेड के स्वास्थ्य केन्द्र में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन निर्माण कराना

*423. श्री विनय कुमार सिंह—क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सोनपुर अनुमंडल कार्यालय स्थित एस०डी०ओ० एवं डी०सी०एल०आर० कोर्ट के वकीलों के बैठने या लिखने के लिये वकालतखाना का अपना भवन नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार वकालतखाना का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

चालू कराना

*424. श्री अरूण शंकर प्रसाद—स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 28 जनवरी, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''वर्षों से सिटी स्कैन मशीन खराब'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि पटना के एन०एम०सी०एच० अस्पताल में इमरजेंसी का सिटी स्कैन मशीन तीन वर्षों से खराब पड़ा हुआ है, मशीन खराब होने के कारण मरीजों को अस्पताल से बाहर सिटी स्कैन जाँच कराने में अस्पताल के अपेक्षा तीन गुणा राशि खर्च करना पड़ता है, जिस कारण गरीब मरीजों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त बंद पड़े सिटी स्कैन मशीन को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पावर सब-स्टेशन का निर्माण कराना

*425. श्री दिनकर राम—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के मेजरगंज प्रखंड मुख्यालय में पावर सब-स्टेशन का निर्माण कार्य विगत दस वर्षों से चल रहा है, परन्तु आजतक पूरा नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पावर सब-स्टेशन का निर्माण कार्य पूरा कर उसे चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

* 426. श्री अशोक कुमार---क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि---

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के वारिसनगर थाना अन्तर्गत वसतपुर रमण गाँव थाना नं0 185 का विद्युतीकरण अबतक नहीं हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कार्यपालक अभियंता एवं सहायक अभियंता, विद्युत् समस्तीपुर ने उक्त गाँव का पूर्ण विद्युतीकरण होने का गलत प्रतिवेदन वर्ष 2011 में समाहर्ता, समस्तीपुर को दिया है ;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गाँवों का पूर्ण विद्युतीकरण करने तथा गलत प्रतिवेदन देने वाले पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

व्यवस्था सुदृढ़ कराना

* 427. श्री प्रदीप कुमार---क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि---

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत विद्युत् उप-केन्द्र, पकरीबरावाँ में 3 एम0 भी0 ए0 का एकमात्र ट्रांसफॉर्मर रहने तथा ब्रेकर खराब रहने से विद्युत् आपूर्ति बाधित रहती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्डा का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार विद्युत् उप-केन्द्र, पकरीबरावाँ में 5 एम0 भी0 ए0 का ट्रांसफॉर्मर लगाने तथा नया ब्रेकर लगाकर विद्युत् आपूर्ति व्यवस्था सुदृढ़ करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

मेडिकल कॉलेज खोलना

* 428. श्री (मो0) आफाक आलम---क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि---

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ में सदर अस्पताल के प्रांगण में मेडिकल कॉलेज खोलने की सरकार द्वारा वर्ष मई, 2013 में निर्णय लिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त निर्णय के आलोक में अभीतक मकान बनाने की प्रक्रिया शुरू नहीं की गई है ;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त निर्णय के आलोक में भवन का निर्माण कर मेडिकल कॉलेज खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युतीकरण कराना

* 429. श्री रामचन्द्र सहनी---क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला-पूर्वी चम्पारण अन्तर्गत प्रखण्ड सुगौली में उ0 सुगाँव पंचायत के लमौनिया ग्राम में विद्युतीकरण नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त ग्राम में विद्युतीकरण कार्य कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सुसज्जित करना

* 430. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के केसरिया में पर्यटक भवन का निर्माण वर्ष 2009 में किया गया है, परन्तु भवन में पर्यटन के अनुरूप व्यवस्था नहीं होने के कारण भवन में ठहरने वाले पर्यटकों को असुविधा होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि दुनिया का सबसे बड़ा बौद्ध स्तूप होने के कारण काफी संख्या में विदेशी एवं देशी पर्यटक केसरिया में आते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार केसरिया पर्यटक भवन को सुसज्जित कर पर्यटकों के रहने लायक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युतीकरण कार्य शुरू कराना

* 431. श्री राम प्रवेश राय—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के मांझा प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम मुंगरहा, माछी और निमुईयाँ को विद्युतीकृत नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उपरोक्त ग्रामों में विद्युतीकरण का कार्य शुरू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

मरम्मती कराना

* 432. श्रीमती सुनीता सिंह—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बेलसंड प्रखण्ड के परतापुर प्रा० स्वास्थ्य उप–केन्द्र वर्ष 1989 में बना जिसका भवन जर्जर एवं दयनीय अवस्था में है एवं प्रतिदिन एक हजार मरीजों का इलाज खुले आसमान के नीचे किया जाता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार प्रा० स्वास्थ्य उप–केन्द्र के भवन की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युत् सुविधा उपलब्ध कराना

* 433. श्री अवधेश कुमार राय—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के बछवाड़ा प्रखंड अन्तर्गत चमथा गाँव के 400 उपभोक्ताओं द्वारा वर्ष 2001 में ही विद्युत् कनेक्शन के लिये शुल्क जमा कर दिये जाने के बावजूद अभीतक विद्युत् सुविधा उपलब्ध नहीं करायी गयी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँव के उपभोक्ताओं को विद्युत् सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नियुक्ति नियमित करना

*434. श्री जय कुमार सिंह––क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार ने संविदा आधारित ए0एन0एम0 की नियमित नियुक्ति हेतु नियमावली तैयार कर दिया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विगत 7 वर्षों से कार्यरत संविदा आधारित ए0एन0एम0 की नियुक्ति अभीतक नियमित नहीं की गयी है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---

ट्रांसफॉर्मर बदलना

*435. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह––क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नबीनगर प्रखण्डान्तर्गत ग्राम बेलाई में विगत 3 (तीन) माह से ट्रांसफॉर्मर जला हुआ है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त ट्रांसफॉर्मर को बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भूमि मुक्त कराना

*436. श्री राम प्रवेश राय––क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत बरौली प्रखण्ड मुख्यालय में अवस्थित सरकारी अस्पताल बरौली की जमीन का कुछ भाग वर्ष 1985 से ही असामाजिक तत्वों द्वारा अतिक्रमित कर लिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि समाहर्ता, गोपालगंज ने अपने पत्रांक 162, दिनांक 15 फरवरी, 2012 द्वारा उक्त अस्पताल परिसर की भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने का आदेश दिया है, जो अभीतक अकार्यान्वित है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बरौली सरकारी अस्पताल की अतिक्रमित भूमि को मुक्त कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण कार्य कराना

*437. श्री रामचन्द्र सहनी––क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला पूर्वी चम्पारण अन्तर्गत प्रखण्ड रामगढ़वा में पावर सब–स्टेशन के निर्माण कार्य हेतु भूमि का चयन होने के बाद भी अभीतक शुरू नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त चयनित स्थल पर पावर सब–स्टेशन का निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्युत उपलब्ध कराना

*438. श्री राजेश्वर राज––क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के विक्रमगंज प्रखंडान्तर्गत ग्राम महराजगंज महादलित टोला, गुलाब टोला, ठेकही टोला, विसेनिया वाल, रमाही टोला, तिवारी टोला एवं झुमक टोला मे आजादी के करीब 66 वर्षों बाद भी बिजली की कोई व्यवस्था नहीं होने से ग्रामवासी अंधकारमय जीवन जीने को विवश है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त ग्रामों में विद्युत व्यवस्था उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति

*439. श्री जितेन्द्र कुमार––क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि नालंदा जिलान्तर्गत अस्थावां प्रखंड स्थित रेफरल अस्पताल की स्थापना 25 वर्ष पूर्व की गई थी, परन्तु अस्पताल में मानक के अनुसार आठ स्पेशलिस्ट चिकित्सक यथा, मेडिसीन, बच्चा का डॉक्टर, स्त्री रोग विशेषज्ञ सर्जरी आदि की व्यवस्था नहीं होने के कारण रोगियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार अस्थावां रेफरल अस्पताल में सरकारी नियमानुसार 8 चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति जनहित में कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

अति0प्रा0स्वा0 केन्द्र की स्थापना

*440. श्री अशोक कुमार––क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत वारिसनगर विधान–सभा में नागरबस्ती, सतमलपुर, हरसुर, नथ्थुद्वार, पुरन्दाही इत्यादि ग्रामों में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना करने हेतु जमीन उपलब्ध है, यदि हाँ, तो क्या सरकार जनहित में इन ग्रामों में यथाशीघ्र अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थापना करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्यान्वयन कराना

*441. श्रीमती (डॉ0) उषा विद्यार्थी––क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि मुख्य मंत्री क्षेत्रीय विकास योजना के तहत बिहार विधान–मंडल के माननीय सदस्यों द्वारा की गयी अनुशंसा के आधार पर उनके क्षेत्र में जले हुए ट्रांसफॉर्मर के बदले नया ट्रांसफॉर्मर तथा अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मर लगाये जाने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता सदस्या द्वारा अपने विधान–सभा क्षेत्र के लिये 22 जले हुये ट्रांसफॉर्मर बदलने की अनुशंसा अपने पत्रांक 431, दिनांक 19 अगस्त, 2013 द्वारा जिला योजना पदाधिकारी, पटना से की गयी है, यदि हाँ, तो उक्त अनुशंसा का अभीतक कार्यान्वयन नहीं करने का क्या औचित्य है ?

बिजली उपलब्ध करना

*442. श्रीमती नीता चौधरी—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के टेटिया बम्बर प्रखण्ड अन्तर्गत भूना पंचायत के काफी लोगों को वर्ष 2004 में बिजली का कंन्युमर बनाया गया था लेकिन बिजली आजतक नहीं उपलब्ध हो पाया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पंचायत के लोगों को बिजली उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

गाँवों का विद्युतीकरण करना

*443. श्रीमती गुलजार देवी—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला अन्तर्गत फुलपरास प्रखण्ड स्थित फुलकाही एवं बिशनपुर गाँव फुलपरास पावर सब स्टेशन के मात्र 3 कि०मी० दूरी पर पक्की सड़क के किनारे अवस्थित है;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2000 में उक्त गाँव के 65 ग्रामीण कन्ज्युमर बने हुये हैं;

(3) क्या यह बात सही है कि मई, 2012 में ही उक्त गाँवों में विद्युतीकरण करना था परन्तु आजतक विद्युतीकरण नहीं किया गया है;

(4) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त गाँवों का विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

ट्रांसफॉर्मर लगाना

*444. श्री उमाकांत यादव—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत खुटौना एवं बाबूबरही एवं भटचौड़ा में पावर सब-स्टेशन में 3.15 एम०भी०ए० का ट्रांसफॉर्मर लगा हुआ है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पावर सब-स्टेशनों में 3.15 एम०भी०ए० के बदले 5 (पाँच) एम०भी०ए० का ट्रांसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन निर्माण कराना

*445. श्रीमती ज्योति देवी—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला प्रखण्ड मोहनपुर में ग्राम डंगरा स्थित अतिरिक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र आजतक भवनहीन है जो कि किराये के कमरा में चलाया जा रहा है, यदि हाँ, तो उक्त स्वस्थ्य उप केन्द्र का अपना भवन हेतु सरकार की क्या योजना है ?

---

बिजली बिल सुधार करना

*446. श्री अखतरूल ईमान—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के कोचाधामन प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम करबला काशी बाड़ी में लगा हुआ 63 के०भी०ए० का ट्रांसफॉर्मर 11 जून, 2000 को जल गया था जिसे 7 जुलाई, 2009 को बदल कर नया ट्रांसफॉर्मर लगाया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि श्री हासिम, उपभोक्ता संख्या 3732 के०भी०ए०/डी०एस०/जहूर आलम उपभोक्ता संख्या 3733 के० के० बी०/डी०एस०/2 इत्यादि लोगों को विद्युत् अवर प्रमण्डल किशनगंज से ट्रांसफॉर्मर जले रहने की अवधि का भी बिल भेजा जा रहा है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ग्राम में त्रुटिपूर्ण बिजली बिल को सुधार करवाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

मशीन ठीक कराना

*447. डॉ० इजहार अहमद—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला स्थित पटना मेडिकल कॉलेज, पटना पैथोलौजी विभाग में दोनों फुल्ली ऑटोमैटिक रक्त जाँच मशीन विगत दो माह से खराब पड़े रहने के कारण रोगियों को रक्त जाँच कराने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इसे कबतक ठीक कराने का विचार रखती है ?

---

सब-डिवीजन खोलना

*448. श्री शिवजी राय—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिले के पकड़ीदयाल अनुमंडल में बिजली का सब-डिविजन नहीं रहने के कारण आम जनता को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता द्वारा जून, 2012 एवं अप्रील, 2013 में पत्र के माध्यम से मुख्य अभियंता के यहाँ आपत्ति दर्ज कराने के बावजूद भी अबतक कार्रवाई नहीं की गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अनुमंडल में कबतक बिजली विभाग का सब-डिविजन खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन निर्माण कराना

*449. श्रीमती रंजु गीता—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बाजपट्टी प्रखण्ड के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य उप-केन्द्र, बाजीतपुर एवं हुमाँयुपुर का भवन ध्वस्त हो चुका है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य उप-केन्द्र का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

---

पटना:
दिनांक 21 फरवरी, 2014 (ई०) ।

फूल झा,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

बि०स०मु० (एल० ए०) 144-डी०टी०पी०-450